an>

Title: Need to take steps for procurement of paddy crops at remunerative prices.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : माननीय अध्यक्षा जी, मेरे संसदीय क्षेत्र में धान के क्रय केन्द्रों पर खरीद नहीं हो रही है। राइस मिल मालिकों व आढ़तियों द्वारा इन क्रय केन्द्रों से मिलकर धान की खरीद-फरोख्त में बड़ी कीमत पर हेराफेरी की जा रही है, जिसकी वजह से किसानों को अपने धान का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों द्वारा लाए गए धान को क्रय केन्द्रों पर आढ़तियों द्वारा खराब व गीला बताकर वापिस किया जा रहा है जिसकी वजह से किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। राइस मिलों व आढ़तियों द्वारा कुछ धान क्रय केन्द्रों पर आपसी सहमति द्वारा अलग-अलग लोगों के नाम से चैक द्वारा पेमेंट कर दी जाती है।

अत: मेरा आपसे सादर अनुरोध है कि किसानों की आर्थिक रूप से दयनीय अवस्था को देखते हुए भुगतान किए गए चैकों के धारक एवं क्रय केन्द्रों की जांच करवाने की कृपा करें।